


दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



वर्ष :- 02 अंक :- 324 मुरादाबाद, 26 March 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## स्कन्दमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।



मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। ये भगवान स्कन्द कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्रि पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्र वृत्तियों का लोप हो जाता है।

# पीएम मोदी ने बेंगलुरु में किया नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन, मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट की भी दी सौगात




बेंगलुरु- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्नाटक दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने श्री मधुसूदन साईं चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु में नई मेट्रो लाइन का भी उद्घाटन किया। बता दें कि प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड (कादुगोडी) से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन की सवारी के लिए मेट्रो टिकट भी खरीदा। इससे पहले पीएम मोदी ने श्री मधुसूदन साईं चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के उद्घाटन के दौरान कहा कि सबके प्रयास से भारत विकसित हो रहा है। सबकी भागीदारी से देश आगे बढ़ रहा है।

### महान मिशन को और मजबूत करेगा मेडिकल कॉलेज

पीएम मोदी ने कहा कि चिक्काबल्लापुर की भूमि ने लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करके मानवता की सेवा के मिशन को पोषित किया है। ये उपलब्धियां अद्भुत रही हैं। साथ ही आज यहां जिस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया जा रहा है, वह इस महान मिशन को और मजबूत करेगा।%अमृत महोत्सव में देश ने विकसित होने का संकल्प लिया% प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने विकसित होने का संकल्प लिया है। कई बार लोग पूछते हैं कि भारत इतने कम समय में वकसित कैसे होगा? इतनी चुनौतियां हैं, इतना काम हैं, ये इतने कम समय में ये कैसे पूरा होगा? इस सवाल का एक ही जवाब है सबका प्रयास। बीते 9 सालों में भारत में भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बहुत ईमानदारी से बहुत कुशलता से कार्य करने का प्रयास किया गया है। देश में मेडिकल एजुकेशन से जुड़े अनेक रिफॉर्म किए गए हैं।

### चिकबल्लापुर की भूमि को प्रणाम करता हूं- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि चिकबल्लापुर आधुनिक भारत के आर्किटेक्ट में से एक सर एम.विश्वेश्वरय्या की जन्मभूमि है। अभी मुझे सर विश्वेश्वरय्या की समाधि पर पुष्पांजलि का सौभाग्य मिला। इस पुण्य भूमि को मैं सिर झुका प्रणाम करता हूं।

### सरकार ने दिया सभी भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई का विकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हमारा प्रयास भारत के हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने का रहा है। हमने गरीब मिडिल क्लास के आरोग्य को प्राथमिकता दी है। हमने देश में सस्ती दवाओं की दुकानों, जनऔषधि केंद्र खोले हैं। गरीबों के हित में काम करने वाली हमारी सरकार ने कन्नड़ सहित सभी भारतीय भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई का विकल्प दिया है। लंबे समय तक देश में ऐसी राजनीति चली है, जहां गरीबों को सिर्फ वोट बैंक समझा गया है। भाजपा सरकार ने गरीब की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य माना है।

### PM ने मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की

बता दें कि पीएम मोदी ने चिक्काबल्लापुर में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे। पीएम मोदी दोपहर करीब 1 बजे बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड (कादुगोडी) से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मेट्रो में सवारी भी करेंगे।

### मेट्रो शुरू होने से यात्रियों को मिलेगी राहत

बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड (कादुगोडी) से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन यात्रियों को आने-जाने में आसानी को बढ़ाएगी और शहर में यातायात की भीड़ को कम करने का भी काम करेगी। बता दें कि इस दौरान प्रधानमंत्री मेट्रो में भी सफर करेंगे।

### इसी साल होने हैं विधानसभा चुनाव

गौरतलब है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं, प्रधानमंत्री ने पिछले दो महीनों में कई बार इस राज्य का दौरा किया है और कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक का दौरा करेंगे। ऐसे में पीएम मोदी का कर्नाटक दौरा काफी मायने रखता है।

# मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा संसद सदस्यता रद्द होने के बाद बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली- लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार दोपहर 1 बजे पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इसके उदाहरण हम आए दिन देख रहे हैं। मैंने संसद में पीएम मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर सवाल पूछा, लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है।

### हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है

राहुल ने कहा, मैंने कई बार बोला है कि हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। इसके हमें रोज नए-नए उदाहरण मिल रहे हैं...मैंने संसद में सबूत दिए, अदाणी और PM मोदी के रिश्ते के बारे में बोला। अदानी को नियमों में बदलाव करके एयरपोर्ट दिए गए, इस पर मैंने संसद में बात की। उन्होंने आगे कहा, मैंने अदाणी पर केवल एक सवाल पूछा था... मैं सवाल पूछना जारी रखूंगा और भारत में लोकतंत्र के लिए लड़ूंगा।

### संसद में दिया गया भाषण हटा दिया गया

पूर्व सांसद ने कहा, संसद में दिया गया मेरा भाषण हटा दिया गया और बाद में मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक विस्तृत उत्तर लिखा। कुछ मंत्रियों ने मेरे बारे में झूठ बोला कि मैंने विदेशी ताकतों से मदद मांगी, लेकिन मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा। मैं पीएम मोदी और अदाणी के रिश्तों पर सवाल उठाता रहूंगा।

### मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा

राहुल ने कहा, मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा। अदाणी का नरेन्द्र मोदी से क्या रिश्ता है? इन लोगों



से मुझे डर नहीं लगता। अगर इनको लगता है कि मेरी सदस्यता रद्द करके, डराकर, धमकाकर, जेल भेजकर मुझे बंद कर सकते हैं। मैं हिन्दुस्तान के लोकतंत्र के लिए लड़ रहा हूं और लड़ता रहूंगा।

### मुझे सच्चाई के अलावा किसी चीज में दिलचस्पी नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे सच्चाई के अलावा किसी चीज में दिलचस्पी नहीं है। मैं केवल सच बोलता हूं, यह मेरा काम है और मैं इसे करता रहूंगा चाहे मैं अयोग्य हो जाऊं या गिरफ्तार हो जाऊं। इस देश ने मुझे सब कुछ दिया है और इसलिए मैं ऐसा करता हूं।

### भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है

राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा की मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए। मैंने हमेशा कहा है कि सब समाज एक हैं। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये OBC का मामला नहीं है, ये नरेन्द्र मोदी और अदाणी के रिश्ते का मामला है। भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है, कभी OBC की बात करेगी तो कभी विदेश की बात करेगी।

### गहलोत और बघेल भी रहे मौजूद

प्रेस कान्फ्रेंस में राहुल गांधी के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहे। मानहानि के मामले में सूरत की अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को गांधी को लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### सूरत की अदालत ने सुनाई दो साल की सजा

गुरुवार को सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें जमानत देते हुए 30 दिन के लिए उनकी सजा पर रोक भी लगा दी, ताकि वे शीर्ष अदालतों में अपील दायर कर सकें। अप्रैल 2019 में राहुल ने कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों है?

### कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना

लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को केंद्र पर जमकर निशाना साधा और इसे लोकतंत्र का गला घोंटना बताया, साथ ही विश्वास जताया कि उच्च न्यायालय द्वारा उनकी दोषसिद्धि पर रोक के माध्यम से अयोग्यता को रद्द कर दिया जाएगा।

### जेपी नड्डा ने राहुल पर साधा निशाना

इससे पहले शुक्रवार को, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की। नड्डा ने ट्विटर पर कहा, ओबीसी समुदायों की चोरों से तुलना करके राहुल गांधी ने दयनीय और जातिवादी मानसिकता दिखाई है। राहुल गांधी पूरे ओबीसी समुदाय को चोर कहते हैं। उन्हें अदालतों में आलोचना का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया, जिससे पता चलता है कि ओबीसी के लिए उनकी नफरत कितनी गहरी है।

# योगी सरकार के छह साल: मुख्यमंत्री बोले- यूपी की पहचान अब उपद्रवी नहीं उत्सव हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा सरकार की छह साल की उपलब्धियों का ब्यौरा जनता के सामने रखा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कभी माफियाओं के लिए जाना जाने वाला प्रदेश अब महोत्सवों के लिए जाना जाता है।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश की जनता के सामने भाजपा सरकार की छह साल की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने छह साल में प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदलने का काम किया है। अब यूपी की पहचान उपद्रवियों से नहीं उत्सवों से है। अब प्रदेश



माफियाओं के कारण नहीं बल्कि महोत्सव के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमने नया यूपी बनाया है। छह वर्ष पहले लोग कहते थे कि यूपी में कभी विकास नहीं हो सकता है पर आज पूरा प्रदेश विकास की दौड़ में पहले स्थान पर जगह बना रहा है। उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जो छह साल पहले हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होने और परिवारवाद के कारण जाना जाता था पर अब यूपी की नई छवि देश और दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने यूपी में पुलिस सुधार किए। प्रदेश में सात पुलिस कमिश्नरेट बने। तहसील के स्तर पर फायर ब्रिगेड बने। हर जिले में पुलिस के लिए बैरक बनाए जा रहे हैं और साइबर थानों की स्थापना हो रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश में रोजगार और निवेश के लिए माहौल बना है। सरकारी नौकरियों में जातिवाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद को खत्म किया गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ देने में न तो जातिवाद होता है और न ही भ्रष्टाचार। हर किसी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से प्रदेश में स्थिरता है जिसका लाभ प्रशासन को मिल रहा है। जिलों में पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Public forum on political platform

The question arose from the utility of the Janmanch and politics was also spread in its chessboard. On the pretext of Vidhan Sabha session, Janmanch once again entered the stage of politics. If there was an analysis of the common man's questions somewhere away from the political contest in favor and against it, then the system would have been correct. Complaints need a mike or governments should have complaint ears that ring the stage instead of the process. Undoubtedly, 39726 complaints were raised on Jan Manch in the figures, but this also gave good governance an excuse to hide its face. If the resolution of so many complaints is showing the relevance of Janmanch or proving that the offices are failing in routine, then it is not the efficiency of the system. If we do not consider Jan Manch as the right option, then we cannot support similar platforms in future also. Here the question is not about the way of catching the ear, nor will it be a competition on the forums that which government caught the ear from where, but the basic question is to change the tradition of government work culture or to see where there is a difference in coordination and public hearing. There are holes in Whether it is Jan Manch or any other similar complaint forum may be established tomorrow, they will continue to be only political theater in their presentation. We have seen some ministers in the past on the public forums only kicking the officials, while neither the actions resulted in change in the system nor the permanent creativity of the solutions developed. The wonder is that even if the complaint is staged on the folk character, then there will be only gimmick in the notes of the atmosphere. There should be a debate on whether we can connect good governance with the people's stage or alert every office. There are many departments which have to remain active round the clock, so will their character and face change due to a few public forums. Jan Manch has neither been a daily activity nor the meaningfulness of the reactions gathered in it has come to the fore. If the routine tasks of the office get into the habit of being staged, then the work culture will only be staged and it started happening when documents like some certificates or licenses were also publicly distributed. In the presence of the government, Jan Manch may choose political benefits in the heritage of high addresses, but the originality, transparency, honesty and purity of the administration cannot be judged by this. Good governance will be stamped when the goals of the departments are fulfilled under their responsibility. To identify good governance, one has to get off the stage and see the field so that it can be known what is the quality of the works of the Public Works Department. Only after inspecting the projects of Jal Shakti Department, it will be known how faulty the water supply is. When the minister will travel in the bus, then the problems of HRTC will be known. Janmanch only gives opportunity to complaints, whereas many employees-officers within the administration have been examples of their responsibility for years, so was there any method to give credit to them. If the governments will not be able to decide their transfer policy or rules, then what will they get except cursing by decorating the stage. Will the Jan Manch be able to provide employment to the unemployed or did any Jan Manch catch their ears when there were recruitment scams or paper leaks in the Staff Selection Commission.sant experience, but can the common citizen always call the Jan Manch close to him. Close to it is the panchayat office, where the secretary should be present. Patwari near him, doctor-nurse in dispensary, teacher-education in school, fitter for water supply, lineman for electricity supply and there is a police station or police station nearby for law and order, but listen to him properly.

## Pahal: Big step in linguistic translation of technology, significant change expected from Udaan project

IIT Bombay's UDAN project on technical textbook translation can bring a sea change in the way higher education is accessible. The world knows Lal Bahadur Shastri only for the slogan 'Jai Jawan, Jai Kisan', India's proud victory over Pakistan and the Green Revolution. Very few people know that Shastri ji had also dreamed of bringing the education system in Indian languages in independent India. Not only this, he inspired Daulat Singh Kothari for this. Daulat Singh Kothari was the chairman of the Kothari Commission which gave its report in independent India regarding Indianness in education and teaching in Indian contexts. In the same period, Shastriji had entrusted another important responsibility to Kothari. Daulat Singh Kothari also fulfilled that responsibility of bringing knowledge-science and technology information into Indian languages and preparing a dictionary of Indian languages for them. But that was not enough. Now, through the project that IIT Bombay has made, it can be said that not only Shastri ji's dream is going to be fulfilled, but there is going to be an uninterrupted supply of western and modern knowledge-science books in Indian languages. This project of IIT Mumbai is Udaan, which has started becoming a ground reality after a long effort of seven years. Through this, many technical books have started being translated. IIT Mumbai also put up a stall of the Udaan project at the Delhi Book Fair that ended on February 27. Under this project, the translation of technical knowledge and science books available in English has started. This translation is currently available in Hindi, Marathi, Telugu, Kannada, Malayalam, Tamil, Gujarati, Oriya and Bengali. Through this project available online on the Internet, translation from Indian languages to English can also be done. In recent times, some state governments including Madhya Pradesh have started engineering and medical studies in Hindi. The major challenge facing the study of technical subjects in Indian languages including Hindi is that modern technical knowledge-science books are not available. Suddenly, after studying up to twelfth standard in Hindi medium, after passing the entrance examination of engineering or medical, they go to study, then due to non-availability of Hindi or Indian language medium books, the challenge in front of them increases. In this tension many times the precious life takes the path of suicide. Ayush Maheshwari, who is working as a PhD researcher in the project of EIT Mumbai, says that the Kerala government has given recognition to the translation project from English to Malayalam in a way. The Government of Kerala has entrusted the work of translation of more than 80 technical and medical books to Project Udaan. The beginning of the Udaan project started seven years ago. It is the brainchild of Professor Ganesh Ramakrishnan of IIT Mumbai. Mumbai industrialist Ganesh Arnal played a big role in motivating him for this project. I had met Arnal at a book fair. During this meeting, Ganesh Arnal had said that then he had also proposed to provide financial support for this project from his name sign Professor Ganesh. According to Praveen Ingale and Ayush Maheshwari associated with this project, only technical books are translated better through Udaan project. This project is not that successful in the translation of literary works. According to Ayush Maheshwari, Professor Ganesh noticed that Japan has received about a dozen Nobel Prizes, and the medium of education of all the prize winners has been Japanese. Not only this, he has been working in Japanese only. Then Professor Ganesh felt that why not work in Indian languages also to move forward in the direction of higher education. Then he found Ganesh Arnal. After this Professor Ganesh Ramachandran let loose all his horses. The result of which is the Udaan project. The Udaan Project is online at https://udaanproject.org.

## Politics: Opposition at Crossroads and Opposition Unity at Crossroads, Rahul at Center

Can a Surat court's verdict convicting Rahul Gandhi in a defamation case become a turning point in opposition politics? Or will the BJP continue to benefit from the rift in the opposition parties over leadership? On Thursday, as I write this article on how Rahul Gandhi, who seems to be on the mend after the 'Bharat Jodo Yatra', is being viewed with suspicion by some opposition parties, this important member of the Nehru-Gandhi family has been given his 'Modi' surname in 2019. has been convicted by a Gujarat court in a criminal defamation case relating to a statement linking him with a 'thief'. I'll come to this later. It is a paradox of Indian politics that a strong Rahul is good news for the BJP and bad news for the opposition. Good news because the 2024 election is likely to be 'Modi vs Rahul' and as things stand today, it looks to Modi's advantage.

The 4,000-km padyatra across the country has raised Rahul's stature and is his own achievement, with no contribution from the family name. And that's why he came to be seen as the main opponent of Modi and he was also seen to be the 'face' of the opposition, whether the opposition parties accept him as such or not. Who will be the leader of the opposition, it will be decided only after the elections of 2024 and this situation will also come when the opposition is in a position to form the government, but it is not looking like that now. So, Modi vs who from the opposition?

This debate helps the BJP's narrative and not the opposition's agenda. Today the opposition is divided into two camps and their differences center around the issue of who will lead the opposition coalition. There are some parties which have an alliance with the Congress in their respective states and may agree to give the leadership role to the Congress. These include DMK (Tamil Nadu), Jharkhand Mukti Morcha (Jharkhand), RJD and Janata Dal (U) (Bihar), NCP and Shiv Sena (Maharashtra). The Left parties, which recently aligned with the Congress in the Tripura Assembly elections, will support a non-BJP alliance, whether or not the Congress leads it. Apart from these parties, there are parties and leaders who do not depend on the Congress to run their government, including Mamata Banerjee's Trinamool Congress (West Bengal), Arvind Kejriwal's Aam Aadmi Party (Delhi and Punjab), K Chandrasekhar Rao's BRS (Telangana) is involved—and it will not accept Congress (Rahul) leadership.

Even Samajwadi Party supremo Akhilesh Yadav has made it clear that his party will go it alone and field its candidates from Rae Bareli and Amethi, considered strongholds of the Gandhi-Nehru family, in 2024. These are the seats where SP has helped Sonia Gandhi and Rahul Gandhi win elections in the past by not fielding candidates. Last week, Mamata Banerjee apparently distanced herself from the Congress's demand for a JPC probe into Gautam Adani's alleged closeness to Prime Minister Modi. The Aam Aadmi Party, the Trinamool Congress and the Bharat Rashtra Samithi, which are not ready to accept the role of 'big brother' of the Congress, have grown at the expense of the Congress, like some other parties.

These parties know that they may have to pay the price for the revival of the Congress.

So it is not just a matter of arrogance, this crisis can also become a threat to the existence of these regional parties. The only way to break the impasse in the opposition is for Rahul to back down and pave the way for opposition unity. But that's easy to say, hard to do. This would be tantamount to frustrating the newly engaged supporters of the Congress, who may not have decided whom to vote for, but see Rahul as a new hope.

The regional parties were still weighing their position that the verdict came to convict Rahul. Minutes after the Surat court's conviction, the most significant support for Rahul came from Aam Aadmi Party chief Arvind Kejriwal, describing him as the biggest opponent of the Congress than any other opposition party. is seen on It is also a sign of moving on from the past; While AAP got success in Delhi and Punjab only at the cost of Congress. When Delhi Deputy Chief Minister Manish Sisodia was arrested and sent to jail in connection with the liquor scam, the Congress did not come to his rescue. With two of his lieutenants-Sisodia and Satyendar Jain-in jail and being at loggerheads at every step with the Center and the Lieutenant Governor, Kejriwal is isolated.

Even getting the Delhi budget passed became difficult for him.

In such a situation, they feel that BJP can go to any extent in targeting the opposition parties. Right now the important question is whether Rahul can lose his membership of the Lok Sabha after being sentenced. Conviction in criminal cases can result in loss of membership of the House and disqualification from contesting elections for six years, as has happened in the case of Lalu Prasad Yadav. The lower court in Gujarat has given Rahul 30 days to appeal to the Gujarat High Court. But can the High Court hear the matter without staying the judgment? In other words, should Rahul be disqualified from the Lok Sabha even if he continues to hear his case? What will happen on the political front now?Can't say, but can it create public sympathy for Rahul Gandhi - even if the BJP is blowing up the issue? Can Rahul as a 'victim' act as a catalyst for unity among regional parties?

Opposition parties are condemning the misuse of agencies like ED and CBI against opposition leaders, yet their differences persist. However, voices are also being raised from within that when they are facing lawsuits and harassment in the second term of BJP, then what will happen in the third term of Modi? Could Rahul's conviction become a turning point in opposition politics? Or will BJP continue to benefit from this?

# उत्तर प्रदेश में आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक तीनों पहलुओं में निरन्तर प्रंगति हो रही है-मा0 मंत्री

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद- सर्किट हाउस सभागार में मा0 मंत्री लोक निर्माण विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल का 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का पत्रकार वार्ता एवं विमोचित पुस्तिका का वितरण तथा जिले का नवाचार सम्बन्धी प्रस्तुतीकरण किया गया। इससे पहले लोक निर्माण विभाग/जनपद प्रभारी मंत्री ने मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ से सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवर्तन और विकास की राह पर चल रहा है, इन 6 वर्षो में सुशासन विकास एवं रोजगार के नए आयाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक तीनों पहलुओं में निरन्तर प्रंगति हो रही है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश में उत्तर प्रदेश संभावनाओं का प्रदेश बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सकारात्मक नीतियों की वजह से आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है तथा उन्होंने कहा कि आज हर सेक्टर में उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी में 52.50 लाख आवास स्वीकृत/ निर्मित कर पहला स्थान प्राप्त किया है और उज्जवला योजना में 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, ऐसे ही विभिन्न योजनाओं में प्रदेश ने देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं बिजनेस एन्वायरमेंट में काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। मुरादाबाद के संबंध में बात करते हुए मा0 मंत्री जी ने कहा कि जनपद में जो नये विश्वविद्यालय बनेंगे वह शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के तहत 294 एम0ओ0यू0 दाखिल हुए जिनकी धनराशि 22,778.29 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर मुरादाबाद महानगर के प्रभारी श्री वाई0पी0 सिंह, सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, प्रदेश उपाध्यक्ष/सदस्य विधान



परिषद श्री सतपाल सैनी, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री राजपाल सिंह चैहान, महानगर अध्यक्ष भाजपा श्री धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, पूर्व विधायक श्री राजेश कुमार सिंह, श्री विनोद अग्रवाल सहित जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव एवं पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिक तथा मीडिया बंधु उपस्थित रहें। मा0 मंत्री लोक निर्माण विभाग श्री जितिन प्रसाद प्रभारी मंत्री जनपद मुरादाबाद की अध्यक्षता में जिला योजना 2022-23 के अनुमोदनार्थ जिला योजना समिति की बैठक आहूत की गयी। जिला योजना समिति में प्रस्तावित परिव्यय रु0 280 करोड़ 41 लाख, अवमुक्त परिव्यय 213 करोड़ 91 लाख तथा प्रस्तावित परिव्यय के सापेक्ष अवमुक्त परिव्यय 76 प्रतिशत पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने तथा आवंटित धनराशि का सदुपयोग कर कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि जिन बिन्दुओं पर बैठक में चर्चा हुई तथा जिन बिन्दुओं को उठाया गया उन पर कार्य किया जाये। बैठक में नलकूप विभाग के अधिकारी के गैर हाजिर रहने पर मा0 मंत्री ने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों का कार्य जनपद में प्राथमिकता से किया जायेगा। सड़क पेचवर्क कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए और कहा कि जो भी प्रस्ताव उपलब्ध कराएं जाएंगे हर संभव उनको पूर्ण करने में मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं को पूर्ण किए जाने हेतु विभागों को धनराशि उपलब्ध करायी जाती है उनकी क्वाटरली समीक्षा किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में विद्युत विभाग की शिकायतें मिलने पर मा. मंत्री ने एस0ई0 विद्युत को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा जिन ग्रामों में अनावश्यक फालतू 11 हजार की विद्युत लाईनें गलियों में खडी है उन ग्रामों का चिन्हाकंन कर 11 हजार बोल्टेज की लाईनों को हटाया जाये। आई0टी0आई0 भवन निर्माण में देरी होने पर उन्होंने संबंधित की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। मा0 मंत्री जी ने कृषि, गन्ना, पशुपालन, दुग्ध विकास, वन विभाग, ग्राम्य विकास कार्यक्रम, पंचायतीराज, निजी लघु सिंचाई, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, खादी ग्रामोद्योग, सड़क एवं पुल, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रामीण आवास, नगर विकास, दिव्यांगजन, महिला कल्याण आदि की समीक्षा करते हुए शासकीय योजनाओं का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। मा0 लोक निर्माण मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लाभार्थियों को चाबी, एनआरएलएम के लाभार्थियों को सीसीएल वितरण, प्रोबेशन विभाग के लाभार्थियों को लैपटाप, पंचायती राज विभाग के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक के लाभार्थियों को डेमो चैक, उद्योग विभाग के लाभार्थियों को 2 लाख रु0 का चैक, दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के लाभार्थियों को मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल तथा कृषि विभाग के लाभार्थियों को मैकेनाईजेशन योजना के अर्न्तगत हायरिंग सेन्टर की स्थापना हेतु टैक्क्टर एवं कृषि यंत्र वितरित किए। इस अवसर पर अल्पना रितेश गुप्ता को एनीमिया मुक्त भारत में सराहनीय कार्य करने पर मा0 मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रीय पोषण पखबाडा सप्ताह के अर्न्तगत शपथ भी दिलाई गयी।




बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा श्री शैफाली सिंह, जिला अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह चैहान, सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष/सदस्य विधान परिषद श्री सतपाल सिंह सैनी, महानगर अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, डीएफओ, पीडी, डीएसटीओ, सीएमओ, विधायक कुन्दरकी, विधायक मुरादाबाद देहात, विधायक कांठ, विधायक ठाकुरद्वारा एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# संघठन द्वारा कार्यक्रमों के प्रमुखों की नियुक्ति कर पार्टी की जिम्मेदारी सौपी

एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अमरोहा- मंडल बछरायूं के बूथ सशक्तिकरण अभियान के चलते जिलाउपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा रोहित आर्य ने संघठन द्वारा दी गई अल्प विस्तारक की जिम्मेदारी को पूर्ण करते हुये शक्तिकेन्द्र इंद्रावती मंडल बछरायूं के बूथ नंबर 109 110 111 115 116 पर बूथ समिति गठित करके नये दायित्वान कार्यकर्ता को बूथों पर होने वाले संघठन द्वारा कार्यक्रमों के प्रमुखों की नियुक्ति कर पार्टी की जिम्मेदारी सोपी



रोहित आर्य ने भाजपा सरकार द्वारा किये गये कार्य ओर विकास की चर्चा करते हुऐ बूथों के अध्यक्षों को चुनाव व पार्टी के रीढ़ की हड्डी बताते हुये बूथ अध्यक्ष व उनके कार्यकर्ताओ की प्रशंसा की ओर एक परिवार या एक वोटर लिस्ट में प्रभाशाली व्यक्ति को पन्ना प्रमुख नियुक्ति करके उनसे संपर्क बनाए रखने व वोटो की जिम्मेदारी सोपने के लिये कहा बूथों की बैठको पर साथ उपस्थित रहे मंडल उपाध्यक्ष सुभाष सिंह जाटव अनुसूचित मोर्चा बूथ अध्यक्ष याकूब अली विनोद सैनी हरिओम प्रजापति पंकज सैनी बहार आलम जाकिर सुंदरी सैनी दानिश अली आदि

# बोलेंगे तो जेल जाएंगे... कांग्रेसियों ने गांधी मूर्ति के सामने काली पट्टी बांध कर दिया मौन धरना

मुरादाबाद- कम्पनी बाग गांधी मूर्ति के सामने अपराह्न 2 बजे महानगर कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा और संसद सदस्यता समाप्त करने के विरोध में महानगर अध्यक्ष अनुभव महरोत्रा के नेतृत्व में काली पट्टी बांध कर मौन धरना देकर प्रदर्शन किया। जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने मौन धारण कर स्लोगन के माध्यम से कहा कि हम गांधी हैं, हमारे हौंसले फौलादी है। लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। बोलेंगे




तो जेल जाएंगे। कांग्रेस जनों ने स्लोगन के माध्यम से कहा कि राहुल गांधी संघर्ष करो हम आपके साथ है। शाम 4 बजे मौन व्रत धरने का समापन किया गया। धरने में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष , असद मौलाई सेवादल जिलाध्यक्ष, अनुराग शर्मा, मौहम्मद शमी, शिवराज सिंह गुर्जर, सलीम अख्तर, मोहम्मद जमाल, अनमोल गुप्ता, मौ शदान, फात्मा सैफी, श्याम बाबू बाल्मीकि, दानिश कुरैशी, निर्मल अरोडा, एडवोकेट मोहम्मद फ़हीम, अमित पांडेय, अनवार सैफी, अफसर खान, अफ़सर अंसारी, शमीम खान, अंशुल शर्मा, शमशेर खान, विजय मिश्रा, जकरिया कुरैशी, गुड्डे भाई,रईस अंसारी, नूर आलम,शानू अंसारी, अनिल गुर्जर, मोहम्मद रफी, जमील अहमद, तालिब, एडवोके मुख्तार सैफी, नईम अब्बासी, नाजिम परवेज़, अंकुश भटनागर, अब्दुल रउफ, कबीर अहमद, एडवोकेट विवेक अग्रवाल आदि ने भाग लिया ।

## नवरात्रि और रमजान में बिजली कटौती से लोगों में नाराजगी, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

मुरादाबाद- शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर रमजान व नवरात्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार और धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई कराने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष सलीम कुरैशी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि मौजूदा समय में रमजान और नवरात्र चल रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा ठीक तरीके से बिजली नहीं दी जा रही है। दिन में कई बार बिजली कटौती की जा रही है। इसके अलावा धार्मिक स्थलों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। मांग की गई कि रमजान और नवरात्रों में बिजली की व्यवस्था ठीक कराई जाए। धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता



अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए। इसके अलावा शहर के सभी इलाकों में नालियों की सफाई कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष असलम अंसारी, फहीमुद्दीन चौधरी, अनवर मलिक, जैकी मलिक और मोहम्मद दानिश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## दो सप्ताह से अधिक खांसी टीबी हो सकती है, कराए जांच- मुख्य चिकित्साधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला चिकित्सालय में विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आम जनमानस से अपील किया है कि अपने आस पडोस के ऐसे व्यक्ति जिन्हे दो सप्ताह से अधिक खांसी, दो सप्ताह से अधिक बुखार, खांसी में खून आना, सीने में दर्द होना या अचानक वजन का घट रहा हो, ऐसे सभी व्यक्तियों में टीबी की संभावना ज्यादा होती है। यदि आपके आस पडोस में ऐसा कोई व्यक्ति आपकी जानकारी में हो तो उसे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक की सलाह के लिए जरुर भेजे। उन्होने कहा कि टीबी उन्मूलन हेतु सभी संभावित टीबी मरीजो की समय से जांच हो सके एवं टीबी पाए जाने पर उसका समुचित उपचार हो सके। इस क्रम में आप सभी से अपील है कि आप सभी अपने आस पडोस में रहने वाले सभी लोगों को टीबी के लक्षणों के बारे में अवगत कराएं जिससे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय जी के टीबी मुक्त भारत एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश के सपने को साकार किया जा सके।मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि टीबी का इलाज अब बहुत ही आसान है, अगर पूरे समय तक नियमित चिकित्सक की देखरेख में उपचार किया जाए तो टीबी को खत्म किया जा सकता है। किन्तु टीबी का अधूरा उपचार और भी घातक हो जाता है। आप सभी से अपील है यदि कोई संभावित मरीज आपको कही भी मिलता है तो बेहिचक आप उसे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सक की सलाह लेने की अपील करें। जिससे आम जनमानस में टीबी के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 वैद्य ने कहा कि बरसों पहले टीबी का नाम सुनकर लोग दूर भागते थे चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षयरोग अधिकारी के निर्देशन में विश्व क्षय रोग दिवस सभी सीएचसी द्वारा 15-15 मरीजों, जिला क्षयरोग केंद्र पर 25 मरीजो एवं भिनगा नगर के ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ अनूप सिंह ने 10 मरीजो को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान किया।

## भाजपा अध्यक्ष सुनील लोहिया ने शिविर का शुभारम्भ किया

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



कोंच( जालौन ) सूरज ज्ञान महा विद्यालय कोंच में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवम द्वितीय के तत्वावधान में आयो जित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा महेंद्र सोनी लला ,नगर उपाध्यक्ष मनीष नगरिया नगर महामंत्री ओ पी कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ सर्वप्रथम अतिथियों ने मा सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया लक्ष्य गीत प्रांजुल माधुरी अनामिका ने प्रस्तुत किया दीपराज सिंह माधुरी राजावत आशीष अनामिका अवधेश अलीसा देवांश पाठक दीक्षा राहुल सोनी ,अंशिका गुर्जर अमनउद्दीन दीपिका ,एवम राज चौहान ने माल्यर्पण एवम वैज अलंकरण कर अतिथियों का स्वागत किया ।अतिथि परिचय एवम स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वयं सेवको को सम्बोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आप सभी स्वय सेवक अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करते हुए राष्ट्र,समाज के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर सकते है।इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामुदायिक सेवा भावना के साथ कार्य करने बाला स्वयमसेवी सन्गठन है।भारत में इस सन्गठन ने समय समय पर अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया।

इसके उपरांत अतिथियों ने जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया ।जनजागरूकता रैली में स्वयं सेवक स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे ।आभार प्रवक्ता हरीओम तिवारी ने ज्ञापित किया एवम आज के शिविर का कुशल संचालन द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी रोहित राठौर ने किया इस अवसर पर राम जान की मंदिर पनयारा के पुजारी भोला महाराज एवम महाविद्यालय प्रवक्ता भरत अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

### संक्षिप्त समाचार

## पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधिकारीयो ने किया श्रमदान



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा पुलिस लाइन में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ किया गया। साथ ही साथ पुलिस लाइन परिसर में स्थित तालाब का निरीक्षण किया गया। रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक का प्रयोग कर जल संरक्षण करने के संबंध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिससे पक्षियों के विचरण में सुविधा हो एवं मत्स्य पालन भी किया जा सके इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी के सुअरो के साथ चोर पकड़े गये



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कोंच( जालौन ) - कोंच कोतवाली के सुरही चौकी के प्रभारी शिव शंकर सिंह हमराही कांस्टेबल आलोक द्विवेदी द्वारा रविंद्र पुत्र रामराज धीरेंद्र पुत्र राजेंद्र बाल्मीकि सुमित पुत्र रामेश्वर निवासी बड़ापुरा थाना मोंठ जनपद झांसी व कमल पुत्र प्रकाश बाल्मीकि निवासी भगत सिंह नगर कोंच को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है यह चारो लोगो के, पास चुराए गये सुअर व इको वेन गाड़ी जिसमे यह चोरी के सुअरो को ले जा रहे थे पकड़ लिया और न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी और चारों आरोपियों को तीन सूअर चोरी के तथा इको वेन जिससे सूअरों को ले जा रहे थे बरामद हुई है पुलिस ने दोनों को धारा 379 और 411 आई पी सी मे मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है

## जनपद में 240 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि से होगा जनपद का काया कल्प



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा में उत्तरप्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद के प्रभारी मंत्री के0पी0 मालिक राज्यमंत्री ने कलक्ट्रेट सभागार में की जिला योजना संरचना समिति की बैठक,प्रभारी मंत्री ने 2022-23 में जिले के विकास के लिए 240 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि सौंपी जिला योजना समिति के तहत जिले के विकास के लिए, अब जनपद में 240 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि से होगा जनपद का काया कल्प, जिला योजना समिति की बैठक में सभी चारों विधायक , एमएलसी,भाजपा जिला अध्यक्ष सहित डी एम, एसएसपी,सीडीओ,एडीएम सहित जिले के सभी विभागों के आधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन सभागार में ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी संपन्न,जनपद के 44 ग्राम प्रहरियों को किया गया सम्मानित

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की गई।गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी ग्राम प्रभारियों से कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र के 44 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करते हुए टिफिन, छाता, टार्च प्रदान किया जिसमें *थाना कोतवाली से 07 ग्राम प्रहरी, थाना सिरसिया से 05, थाना गिलौला से 08, थाना सोनवा से 05, थाना इकौना से 05, थाना श्रावस्ती से 04, थाना गिरण्ट से 05, थाना मल्हीपुर से 05 ग्राम प्रहरी सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को बताया गया कि आप लोग पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है। गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।जिनको आप लोग सतर्क रहकर तत्काल संबंधित थाने पर सूचित करें।सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारीगणों के मोबाइल नंबर अपनी डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करे, जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके। अपने दायित्वों व कर्तव्यों का सही से निर्वहन करते हुए कार्य क्षेत्र में सतर्क नजर रखते हुए अवैध शराब बनाने व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों पर नजर रखने तथा यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया आपको बता दें, कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/ सूचना प्रदान की जाती रही है।

सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। गोष्ठी के दौरान थाना सोनवा क्षेत्र के ग्राम प्रहरी प्रेम कुमार द्वारा एक शानदार गीत की प्रस्तुति दी गई,जिसे सुनकर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा सराहना की गई।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे

## एन एस एस का शिविर का आयोजन

पवन कुमार-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कोंच( जालौन ) - मथुरा प्रसाद महा विद्यालय कोंच के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम् दिवस का शुभारम्भ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत वीरांगना टोली एवं झलकारी बाई टोली ने महाविद्यालय के सभा गार परिसर एवं मन्दिर परिसर एवं उसके आस-पास साफ सफाई की। विवेका नन्द टोली, आजाद टोली एवं गाँधी टोली ने महाविद्यालय परिसर के बाहर साफ-सफाई की। इसके पश्चात नशा उन्मूलन पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। शिवांश श्रीवास्तव, आकाश, विकास पटेल, मोहन, अमन, सफरूद्दीन, इसरत खॉन, समावानो, किरन, मुस्कान, अंशुल, राहुल, सौम्या, रक्षा, रवि, पवन आदि ने प्रतिभगिता की। आकांक्षा, इसरत, वर्षा, विकास, मोहन आदि ने आज भेजन एवं जलपान की व्यवस्था की। बुन्देलखण्ड विश्व विद्यालय झाँसी से डॉ0 मुहम्मद नईम, होटल मेनेजमट विभाग से डॉ0 सत्येन्द्र कुमार, एग्रीकल्चर विभग से डॉ0 जय नरायण तिवारी ने विभिन्न योजनाओं स्टॉर्टअप आदि से सम्बन्धित महत्वपुर्ण जानकारियां दी। मथुरा प्रसाद महा विद्यालय कोंच के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम् दिवस के समापन पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य क्रम अधिकारी प्रो महेन्द्रनाथ मिश्रा, डॉ0 अल्पना सिंह, महा विद्यालय के शिक्षक प्रो राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ ओम प्रकाश यादव,डॉ मधुरलता द्विवेदी डॉ स्वराज्य मणी अग्रवाल प्राचार्य प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार जी उपस्थित रहे।

## जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजा पति ने कोंच सीएचसी का निरीक्षण किया

पवन कुमार-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कोंच( जालौन ) - जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कोंच आगमन पर कोंच की सी एच सी केंद्र का निरीक्षण किया सबसे पहले मंत्री ने पर्चा काउंटर को देखा और फिर दवा वितरण के वाले काउंटर को देखा और बताया है की मरीजो को बाहर की दवाएं न लिखी जाये उन्होंने पूंछा की यह कब बना तो बताया गया है यह वर्ष 84 मे बना है पहले और जगह पर था अब यहाँ है उंहोने आयुष्मान कार्ड बनने की बारे मे भी पूँछ लिया मंत्री जी ने अस्पताल के प्रभारी डा दिनेश वर्दिया से अस्पताल की रगाई पुताई कराये जाने के निर्देश दिए उन्होंने मारीजो की संख्या के बारे मे गहन जानकारी ली उन्होंने एक्सरा रूम को देखा और कहा की कितने एक्सरे हो जाते है उन्होंने पीकू वार्ड को भी देखा इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के अंदर बने ओक्सिजन प्लांट को चालू न होने पर नारा जगी जताई और कहा की यह ठीक नहीं है बीरेंद्र सिंह यादव दरोगा सुनील कुमार सैनी दरोगा सर्वेश कुमार यादव दरोगा शिव शंकर सिंह दरोगा खेम चन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या मे पुलिस कर्मी मौजूद रहे

संक्षिप्त समाचार

